अंक - 111

# अदिति समाचार

अदिति महाविद्यालय,दिल्ली विश्वविद्यालय

आपका अपना अखबार




आभार- प्राचार्या प्रो. ममता शर्मा | विभाग प्रभारी-डॉ.मंजू रानी | विशेष सहयोग-डॉ.मधु लोमेश | संपादक-मुमताज

नई दिल्ली > मंगलवार >16 फरवरी 2021 | पेज-6 > मूल्य-4.50 रूपयें | www.aditisamachar.in



आप भी जान लें

## वैक्सीन की दो डोज लेने के बाद आगे क्या करना होगा?

कोरोना वायरस से पूरी तरह बचाव के लिए इसकी वैक्सीन की दो डोज लेना जरूरी है। दो खुराक के बाद आप सुरक्षित हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इसके बाद दूसरों की सुरक्षा के लिए आपको कोरोना गाइडलाइंस का उपयुक्त पालन करना होगा। वर्तमान में वैज्ञानिक इस बात पर स्टडी कर रहे हैं कि वैक्सीन से लंबी अवधि तक सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। भारत के कई राज्यों में वैक्सीन की दूसरी डोज देने की शुरुआत की जा चुकी है।




कोविड के मोर्चे से

1. कनाडा को महीने भर के भीतर देंगे वैक्सीनः पूनावाला
2. एस्ट्राजेनेका वैक्सीन के इस्तेमाल को WHO की मंजूरी

# सुप्रीम कोर्ट ने वॉट्सऐप से कहा, 2-3 लाख करोड़ की कंपनी हैं तो क्या हुआ



नई दिल्ली

**वॉट्सऐप की** नई प्राइवेसी पॉलिसी पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लोगों को चिंता है कि वे अपनी प्राइवेसी खो देंगे। ऐसे में हमारी ड्यूटी है कि हम उसकी रक्षा करें। कोर्ट ने वॉट्सऐप और केंद्र सरकार से चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने को कहा। कोर्ट ने वॉट्सऐप से कहा कि आप दो या तीन ट्रिलियन की कंपनी होंगे, पर लोगों की निजता की अहमियत आपके पैसे से ज्यादा है। डेटा प्रोटेक्शन कानून अमल में आ चुका है। अब नई पॉलिसी के तहत ही डेटा शेयर किया जा सकता है। लोगों को लग रहा है कि उनकी चैट और डेटा किसी और के साथ शेयर कर दिए जाएंगे। इस मुद्दे को देखना जरूरी है। केंद्र ने कहा कि ऐप किसी का डेटा किसी और से शेयर नहीं कर सकते।




# पूर्वी लद्दाख में फिंगर-4 से पीछे हट रही है चीनी सेना

नई दिल्ली

File Photo




**पूर्वी लद्दाख** के पैंगांग त्सो (झील) के उत्तरी और दक्षिणी किनारों से भारत और चीन की सेनाओं की वापसी प्रक्रिया योजना के मुताबिक चल रही है। रक्षा सूत्रों के मुताबिक अगले छह से सात दिनों में वापसी की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। चीनी सेना यहां फिंगर-4 के ऊंचाई वाले इलाकों से पीछे हट रही है। सूत्रों ने कहा कि चीन की सेना ने कई बंकर, अस्थायी चौकियां और अन्य ढांचों को उत्तरी किनारे वाले इलाकों से हटा लिया है। सैनिकों की संख्या भी धीरे-धीरे कम हो रही है। अधिकारी ने बताया कि दोनों पक्षों के फील्ड कमांडर लगभग रोजाना बैठक कर रहे हैं ताकि वापसी की प्रक्रिया को आगे बढ़ा सकें। दोनों पक्ष सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया को वेरिफाई भी कर रहे हैं।

## गुजरात के CM रूपाणी कोरोना पॉजिटिव हुए



के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी सोमवार को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए। उन्हें एक रैली में बेहोश होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रविवार को 64 वर्षीय रूपाणी वडोदरा में नगर निकाय चुनाव के लिए रैली को संबोधित करने के दौरान मंच पर बेहोश हो गए थे। उधर, भारत में पिछले 24 घंटों में 11,649 नए मामले दर्ज होने के बाद सोमवार को मामलों की कुल संख्या 1,09,16,589 हो गई। इस दौरान 90 मौतें भी हुईं। अभी तक मरने वालों की संख्या 1,55,732 हो गई है।

# खबरों के लिए पैसे देने के करीब गूगल, फेसबुक




**ऑस्ट्रेलिया ने** कहा कि देश की मीडिया को खबरों के बदले भुगतान करने के मामले में गूगल और फेसबुक अहम कारोबारी समझौते के करीब पहुंच गए हैं। इस समझौते के बाद ऑस्ट्रेलिया दुनिया का पहला ऐसा देश बन जाएगा, जहां इन कंपनियों को खबरों के बदले भुगतान करना होगा। संसद में मंगलवार को इस संबंध में तैयार मसौदा विधेयक पर विचार किया जाना है। पिछले सप्ताह सेनेट की एक समिति ने सिफारिश की थी कि इस प्रस्तावित नियम में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। दरअसल, गूगल और फेसबुक ने इस प्रस्ताव के बारे में कहा था कि यह कुछ ऐसा है, जिस पर आगे नहीं बढ़ा जा सकता है। इस विधेयक को तैयार करने में भूमिका निभाने वाले मंत्रियों में से एक जोश फ्राइडनबर्ग ने कहा कि हम समझौते के बेहद करीब हैं।

हालांकि, गूगल और फेसबुक ने इस पर तत्काल प्रतिक्रिया नहीं दी है। संसद में मंगलवार को इस संबंध में तैयार मसौदा विधेयक पर विचार किया जाना है। फ्राइडनबर्ग ने कहा कि दुनिया के किसी देश ने इस तरह का कदम नहीं उठाया है। यह एक कठिन प्रक्रिया है, जो यह अब भी जारी है और अब तक की बातचीत काफी फलदायक रही है।

## 'एमएस धोनी' में सुशांत संग काम करने वाले ऐक्टर ने किया सूइसाइड



'केसरी' और 'एमएस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी' जैसी फिल्मों में काम करने वाले ऐक्टर संदीप नाहर ने अपने घर पर कथित तौर आत्महत्या कर ली है। मुंबई पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, संदीप नाहर ने आत्महत्या करने से पहले फेसबुक पर एक नोट लिखा। जिसमें उन्होंने बताया था कि वह आत्महत्या करने वाले हैं। संदीप नाहर ने एक विडियो शेयर कर कहा कि वह पर्सनली और प्रोफेशनली तौर पर परेशान थे।

## हैपी मॉर्निंग

**पत्नीः** सुनते हो, आपका बेटा आजकल कुछ ज्यादा ही पैसे उड़ाने लगा है। जहां छिपाती हूं, ढूंढ ही लेता है।

**पति** : उस नालायक की किताबों में छुपाया करो। एग्जाम तक तो ढूंढ नहीं पाएगा।

## सर्राफा

**सोना स्टैंडर्ड** (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम

| | |
|---|---|
| दिल्ली | 46,826 (-19) |

**चांदी .999 टंच प्रति किलो**

| | |
|---|---|
| दिल्ली | 69,072 (+646) |

## अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 52,154.13 (+609.83) |
| निफ्टी | 15,314.70 (+151.40) |
| रु/यूएस डॉलर | 72.68 (-0.11) |
| रु/यूरो | 88.12 (-0.16) |

## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 29.5 (+5) |
| न्यूनतम | 9.9 (-1) |
| सूर्यास्त मंगलवार | 6:12 बजे |
| सूर्योदय बुधवार | 6:58 बजे |

# बिना मंजूरी विदेश नहीं जाएंगे J&K के कर्मचारी




**जम्मू-कश्मीर** प्रशासन ने अपने कर्मचारियों के बिना पूर्व अनुमति के निजी विदेश यात्रा पर जाने को चेतावनी जारी की है। उन्हें नियमों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है और इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी है। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने एक आदेश में कहा कि विदेशों की निजी यात्रा करने के लिए सरकारी कर्मचारियों को अनुमति लेने की प्रक्रिया प्रशासन द्वारा स्पष्ट रूप से निर्धारित की गई है। जीएडी के आयुक्त सचिव मनोज कुमार द्विवेदी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि यह प्रावधान किया गया है कि निजी यात्रा के लिए देश से बाहर जाने की अनुमति प्रशासनिक विभाग से मिलेगी। इसमें कहा गया है कि इन नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# दिल से दिल्ली

## दिल्लीवालों की यादों में सिनेमा घर शीला



राजधानी दिल्ली के बीच में खड़ी शीला सिनेमा की इमारत में पिछले महीने भी कोई गहमागहमी नहीं थी। सब तरफ सन्नाटा पसरा हुआ था। हालांकि, उस दिन शीला ने 60 साल का सफर पूरा कर लिया था। शीला 12 जनवरी 1961 को देश का पहला 70 एमएम स्क्रीन वाला सिनेमाघर बन गया था। इसके मालिक थे संविधान सभा के सदस्य डी. सी. कौशिक। शीला 2017 से बंद है। हालांकि, बीच-बीच में खबरें उड़ती रहीं कि शीला फिर खुलेगा। यह नहीं हुआ। इसके मौजूदा मैनेजिंग डायरेक्टर उदय कौशिक ने साफ कहा कि शीला के खुलने की संभावनाएं नहीं हैं। इसी शीला में पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी और मोरारजी देसाई ने भी फिल्में देखी थीं। शीला में शायद पहली बड़ी हिट फिल्म हकीकत लगी थी। चीन के साथ 1962 की जंग में उन्नीस रहने के बाद देश हताशा में डूबा हुआ था। उसी के बाद उस युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी चेतन आनंद की फिल्म हकीकत आई।



# कोरोना के 141 नए मरीज, 2 की मौत

**नई दिल्ली:** दिल्ली में पिछले दो दिनों से कोरोना के संक्रमण रेट में मामूली इजाफा देखा जा रहा है। पिछले दिनों संक्रमण रेट 0.25 पर्सेंट से भी नीचे आ गया था, लेकिन एक बार फिर यह बढ़ रहा है और सोमवार को कोरोना से 141 नए संक्रमित मरीजों की संख्या की पुष्टि हुई है और सोमवार को 39065 सैंपल की जांच की गई, इसमें से 0.36 पर्सेंट सैंपल पॉजिटिव पाए गए। सोमवार को 134 मरीज रिकवर हुए। अब दिल्ली में कोविड के एक्टिव मरीजों की संख्या 1036 है, इसमें से 465 मरीज अस्पतालों में एडमिट हैं, जबकि 391 मरीज होम आइसोलेशन में है और बाकी 39 मरीज कोविड केयर सेंटर में हैं। सोमवार को दो की जान गई।

# दिल्ली में 73.54% उपभोक्ताओं का बिजली का बिल आया जीरो

**पिछले 6 वर्षों से दिल्ली भारत का एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी नहीं हुई है**





दिल्ली सरकार की मुफ्त बिजली योजना "स्मार्ट गवर्नेंस" का एक शानदार उदाहरण है, क्योंकि यह दिल्लीवासियों को अपनी बिजली की खपत को कम करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। अगस्त में, दिल्ली सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की घोषणा की थी और बाद में इस योजना को राष्ट्रीय राजधानी में रहने वाले किराये दारों तक बढ़ा दिया गया।

दिसंबर 2020 में, 38 लाख उपभोक्ताओं को 200 यूनिट्स से कम बिजली खपत करने पर उनका बिल जीरो आया था। सरकार के लिए पिछला साल विशेष रूप से वित्तीय को ध्यान में रखते हुए बहुत कठिन रहा, लेकिन सभी सीमाओं के बावजूद,दिल्लो सरकार ने दिल्ली के नागरिकों के लिए विकास योजनाओं को बनाए रखा है। लाखों उपभोक्ताओं को जीरो बिजली बिल का लाभ उस समय मिला, जब महामारी ने उनके जीवन में उथल-पुथल मचाई और हजारों लोगों ने अपनी नौकरियाँ खो दी थीं। दिल्ली में कुल उपभोक्ता 51,98,533 हैं और इन उपभोक्ताओं में से 73.54% का बिजली बिल शून्य कर दिया गया। ऐसे उपभोक्ताओं की संख्या लगभग 38,23,232 है।

मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने ट्विटर पर कहा कि शहर के निवासी लाभ उठाने के लिए 200 यूनिट से कम बिजली की खपत कर रहे थे। योजना के तहत, 201 से 400 यूनिट्स के बीच बिजली की खपत करने वाले लोग अपने बिलों पर सरकार से प्रति माह ₹ 800 तक की सब्सिडी प्राप्त करने के पात्र हैं। दिल्ली सरकार ने मुख्यमंत्री किरायेदार बिजली मीटर योजना की भी घोषणा की, जिसके तहत किरायेदार भी मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठा पाए।

> योजना के तहत, 201 यूनिट्स से 400 यूनिट्स के बीच बिजली की खपत करने वाले लोगों को अपने बिलों पर सरकार की ओर से प्रति माह ₹ 800 तक की सब्सिडी मिलती है

> पिछले एक साल के भीतर दिल्ली सरकार ने सौर ऊर्जा के बुनियादी ढांचे के विकास पर ज्यादा ध्यान दिया है। इसमें बहुत सारी बिजली पैदा करने की क्षमता है

दिल्ली भारत का एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां पिछले 6 वर्षों से घरेलू उपभोक्ता के ऊर्जा दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। दिल्ली में एक प्रगतिशील बिजली दर संरचना है, जो सब्सिडी देकर कम बिजली की खपत को बढ़ावा देती है।

दिल्ली सरकार ने यहां बिजली के बुनियादी ढांचे में काफी सुधार किया है, जिससे बिजली कटौती को कम करने में मदद मिली है।

इसके साथ ही दिल्ली सरकार ने बिजली पैदा करने के वैकल्पिक स्रोतों के बुनियादी ढांचे को विकसित करने की भी कोशिश की है। पिछले एक साल में, सरकार ने सौर ऊर्जा के बुनियादी ढांचे पर काफी ज्यादा ध्यान दिया है। सौर ऊर्जा प्रणाली में न केवल बड़ी मात्रा में बिजली पैदा करने की क्षमता है, बल्कि यह पूरी तरह से पर्यावरण के अनुकूल भी है। दिल्ली सरकार ने पिछले एक साल में दिल्ली के 150 सरकारी स्कूलों में सोलर रूफटॉप प्लांट लगवाएं हैं, जिसकी क्षमता 13 मेगावाट (MW) से अधिक है। इससे बिजली के बिलों पर लगभग 5 करोड़ रुपये की बचत होने की उम्मीद है, जबकि बिजली बेच कर 6 करोड़ की कमाई होगी वो अलग। इसे सार्थक पहल कहा जा सकता है।

**तीसरे कार्यकाल का पहला साल पूरा होने पर बोले अरविंद केजरीवाल**

# हर चुनौती का किया सामना, हमारे मॉडल को दुनिया ने अपनाया : CM




**दिल्ली सरकार** के तीसरे कार्यकाल का पहला साल चुनौतियों भरा रहा है। 16 फरवरी को शपथ लेने के फौरन बाद ही दिल्ली को सदी की सबसे बड़ी महामारी का सामना करना पड़ा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मुताबिक, इस महामारी से सिर्फ वित्तीय ही नहीं, बल्कि लोगों को स्वस्थ करने की चुनौती थी। सरकार ने न सिर्फ इस चुनौती का सामना किया, बल्कि इस संकट में भी ऐसे मॉडल पेश किए, जिनमें से कुछ को अमेरिका जैसे देशों ने भी अपनाया।

अपनी सरकार का एक वर्ष पूरा होने पर अनुभव साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि इस साल दिल्ली महामारी से छुटकारा पा लेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कोरोना के प्रचंड रूप का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 11 नवंबर को दिल्ली में एक दिन में 8.5 हजार कोरोना के केस आए। इतने केस आने के बाद भी दिल्ली की स्वास्थ्य प्रणाली ध्वस्त नहीं हुई। उस दिन भी सात हजार कोरोना बेड्स खाली रहे, जबकि 6300 केस आने पर न्यू यॉर्क का सिस्टम चरमरा गया था। केजरीवाल ने कहा कि यह सब पिछले पांच साल में हेल्थ सिस्टम में किए गए इन्वेस्ट के कारण ही संभव हो पाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना से लड़ाई में दिल्ली के डॉक्टरों ने दुनिया को प्लाज्मा थेरेपी और होम आइसोलेशन का मजबूत हथियार सौंपा। अप्रैल में दिल्ली के आईएलबीएस समेत दिल्ली के अस्पतालों में प्लाज्मा थेरेपी के ट्रायल शुरू हुए। दुनिया का पहला प्लाजमा बैंक दिल्ली में शुरू किया गया। हजारों लोगों की जान इस थेरेपी से ही बच सकी। जब विकसित देशों के अस्पतालों के बाहर मरीज सड़कों पर पड़े होने जानकारी आ रही थी, उस समय दिल्ली में होम आइसोलेशन का कॉन्सेप्ट शुरू किया गया। होम आइसोलेशन में भी डॉक्टरों की टीम मरीजों से रेगुलर बातचीत करती रही और ऑक्सिमीटर दिया गया। देश-दुनिया भर में इसे फॉलो किया गया।

# दिनभर लगा रहा जाम, लोगों ने कहा- आखिर ऐसे फास्टैग का क्या फायदा

**खेड़कीदौला टोल** पर आज से बिना फास्टैग निकले तो दोगुना चार्ज देना होगा। सोमवार को भी दिन भर ट्रायल के दौरान चिकचिक रही। टैग न रखने वाले वाहन चालक डबल चार्ज देने के लिए झगड़ते रहे। वहीं, जिसके पास टैग था, टैग रीडिंग न होने के कारण वाहन रुके रहे, जिससे यहां दिन भर ट्रैफिक रेंगता रहा। सुबह और शाम यहां जाम जैसे हालात रहे। ऐसे में यहां फास्टैग सिस्टम पूरी तरह सफल होता दिख नहीं रहा।

### ट्रायल के दौरान ही बवाल

**सोमवार** आधी रात से सभी 25 लेन पर फास्ट टैग से ही क्रॉसिंग से पहले सोमवार सुबह से ही टोल पर ट्रायल शुरू कर दिया गया। यहां सभी लेन में 9 बजे के बाद से ही हेवी ट्रैफिक शुरू हो गया। धीरे-धीरे गुडगांव से मानेसर की ओर वाहनों की लंबी लाइनें लग गईं। बहुत से लोगों के पास फास्टैग नहीं था, जिसके चलते लगने वाले डबल चार्ज के कारण लोग टोलकर्मियों से उलझते नजर आए। टोल प्रबंधन के अधिकारियों के अलावा, मार्शल भी बीच बचाव करते नजर जाए। इसके अलावा, किसी का टैग काम नहीं कर रहा था। किसी ने टैग डेस्क बोर्ड में रखा हुआ था तो किसी की दिक्कत यह थी कि बैलेंस होने के बाद भी टैग रिडिंग नहीं हो पाई। यह कई कारण रहे कि जिससे दिन भर टोलकर्मियों और वाहन चालकों के बीच कहासुनी होती रही।

### झगड़े की आई नौबत

**कई बार तो** मामला इतना बढ़ गया कि झगड़े तक की नौबत आ गई। ऐहतियात के तौर पर टोल पर थाना एरिया पुलिस के अलावा हाइवे की ट्रैफिक पुलिस भी तैनात थी। टैग होने के बाद भी वाहनों की लंबी लाइनें लगी हुई थी। टोल प्रबंधन को भी ऑफिस से निकलकर बाहर आना पड़ा।







# टोल बूथ पर खत्म हुई कैश लेन, बिना फास्टैग गुजरना पड़ेगा महंगा

बदरपुर बॉर्डर पर बने सराय टोल प्लाजा के साथ ही केजीपी एक्सप्रेसवे के टोल बूथ पर भी सोमवार रात फास्टैग अनिवार्य हो गया है। टोल बूथ की सभी लेन कैशलेस कर दी गई हैं और अब किसी भी लाइन में कैश में टोल चार्ज नहीं लिया जा रहा है। बिना फास्टैग वाली गाड़ी से डबल टोल वसूला जा रहा है।

देशभर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर फास्टैग अनिवार्य कर दिया गया है। फरीदाबाद स्थित सराय टोल प्लाजा पर भी यह नियम सोमवार रात से लागू कर दिया गया है। सोमवार को दिन के समय फरीदाबाद में कैश लेन चालू रही। उस दौरान वहां से गुजर रहे वाहन चालकों को कर्मचारी रात से फास्टैग के अनिवार्य होने की सूचना देते रहे। टोल बूथ से पहले दोनों तरफ फास्टैग लगाने वाले काउंटर खुले रहे और बड़ी संख्या में लोगों ने यहां से फास्टैग खरीदे। सराय टोल प्लाजा पर 20 लेन बनी हैं। इनमें से 10 लाइन फरीदाबाद से दिल्ली की तरफ जाने वाली हैं और 10 लाइनें दिल्ली से फरीदाबाद की तरफ आने वाली हैं। इन सभी लाइनों पर फास्ट टैग के बोर्ड लगा दिए गए हैं।

## फास्ट News

### मोदी पर ट्वीट किया, ऐक्ट्रेस पर शिकायत



ओविया

पीएम नरेंद्र मोदी के तमिलनाडु और केरल दौरे के पहले साउथ इंडियन अभिनेत्री ओविया ने अपने ट्विटर अकाउंट पर हैशटैग #GoBackModi ट्वीट किया था। अभिनेत्री ओविया के ट्वीट पर तमिलनाडु बीजेपी के कानूनी विंग के एक सदस्य एलेक्सिस सुधाकर ने साइबर क्राइम सेल से शिकायत दर्ज की है। सुधाकर ने ओविया के खिलाफ शिकायत याचिका पुलिस अधीक्षक, साइबर सेल और सीबी-सीआईडी को सौंपी है।

### कोर्ट में बोलीं कंगना- मेरे ट्वीट से हिंसा नहीं



ऐक्ट्रेस कंगना रनौत ने राजद्रोह केस में हाई कोर्ट से कहा कि उनके किसी भी ट्वीट से कभी कोई हिंसा नहीं भड़की। कंगना ने कहा कि उनकी वजह से कोई आपराधिक कृत्य नहीं हुआ। कोर्ट इस केस में 26 फरवरी को आगे की सुनवाई करेगी। तब तक रनौत और उनकी बहन रंगोली को गिरफ्तारी से दिया गया अंतरिम संरक्षण बरकरार रहेगा। रनौत के वकील ने कहा, 'अदालत के आदेश में दिमाग का इस्तेमाल नहीं किया गया।' कंगना ने अपने खिलाफ मुंबई पुलिस की दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग भी की।

## टूलकिट केस में कार्यकर्ता दिशा रवि की गिरफ्तारी पर विपक्ष ने सरकार को घेरा

# 21 साल की लड़की से डरी सरकार: विपक्ष BJP का जवाब- 21 साल का कसाब भी था

**किसान आंदोलन** से जुड़ी 'टूलकिट' सोशल मीडिया पर शेयर करने के केस में पर्यावरण कार्यकर्ता दिशा रवि की गिरफ्तारी को लेकर बीजेपी और विपक्षी दल आपस में भिड़ गए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया, 'बोल कि लब आज़ाद हैं तेरे, बोल कि सच ज़िंदा है अब तक! वो डरे हैं, देश नहीं!' उन्होंने कहा, 'भारत ख़ामोश नहीं होने वाला है।' प्रियंका गांधी ने सरकार को घेरते हुए ट्वीट किया, 'डरते हैं बंदूकों वाले एक निहत्थी लड़की से, फैले हैं हिम्मत के उजाले एक निहत्थी लड़की से।' बीजेपी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा, 'एक अपराधी तो अपराधी है। अगर वो नाबालिग नहीं है तो फिर लिंग और आयु का कोई मतलब नहीं रह जाता। आपकी जानकारी के लिए बता देता हूं कि मुंबई पर हमले के वक्त अजमल कसाब 21 साल का था।' आरजेडी नेता मनोज झा ने कहा, 'मुझे लोकतंत्र को लेकर चिंता हो रही है।' बीजेपी नेता गजेंद्र सिंह शेखावत ने इस पर कहा, 'अगर आयु आधार है तो फिर परमवीर चक्र से नवाजे गए सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल 21 साल की उम्र में शहीद हुए। मैं किस पर गर्व करूं।' पूर्व गृह मंत्री चिदंबरम ने कहा, 'अगर माउंट कार्मेल कॉलेज की छात्रा और पर्यावरण कार्यकर्ता दिशा रवि देश के लिए खतरा बन गई है, तो भारत की शासन व्यवस्था बहुत ही कमजोर बुनियाद पर खड़ी है। चीनी सैनिकों द्वारा भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की तुलना में किसानों के विरोध का समर्थन करने के लिए लाया गया एक टूल किट ज्यादा खतरनाक है!' बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा, 'जो कोई भी सरकार की नीतियों का विरोध कर रहा है, उसे गिरफ्तार करना अस्वीकार्य है। बीजेपी को सबसे पहले अपने आईटी सेल के सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए जो फर्जी खबरें फैला रहे हैं। दो नियम क्यों?'

## बिजनौर की महापंचायत में प्रियंका



प्रियंका ने उत्तर प्रदेश के बिजनौर में किसान महापंचायत को संबोधित किया।

## PM ने करोड़ों के जहाज खरीदे, गन्ना किसानों का पैसा नहीं दिया: प्रियंका

**मेरठ** : कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बिजनौर जिले के चांदपुर में किसान महापंचायत को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'तीनों कृषि कानून किसानों के लिए नहीं खरबपतियों के फायदे के लिए लागू किए गए हैं। किसान करीब 80 दिनों से ठंड में दिल्ली बार्डर पर बैठे हैं, लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी कानूनों को वापस लेने को तैयार नहीं हैं।' उन्होंने प्रधानमंत्री पर आम लोगों का भरोसा तोड़ने का आरोप लगाया। प्रियंका ने कहा कि कृषि कानून से देश का किसान रो रहा है, इसे तुरंत वापस लिया जाए। प्रियंका ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने 16000 करोड़ के दो हवाई जहाज खरीदे, लेकिन किसानों के गन्ना भुगतान करने के लिए उनके पास पैसे नहीं हैं। प्रियंका ने कहा कि पीएम विदेशों का दौरा करते हैं लेकिन दो से तीन किलोमीटर दूर दिल्ली में जाकर किसानों से बात नहीं कर पा रहे हैं। बल्कि संसद में किसानों का मजाक उड़ा रहे हैं। उन्हें आंदोलनजीवी बताया जा रहा है। मोदी जी देशभक्त और देशद्रोही में फर्क नहीं पहचान पाए। उन्हें नहीं भूलना चहिए कि जिस किसान का वह अपमान कर रहे हैं, उसका बेटा सीमा पर तैनात है। प्रियंका ने कहा, 'प्रधानमंत्री कहते हैं कि ये तीनों कृषि कानून किसानों की भलाई के लिए बनाए हैं, लेकिन किसान जब इनको मना कर रहे हैं, तब ये कानून वापस क्यों नहीं ले लेते, जबरदस्ती भलाई क्यों करना चाहते हैं।' प्रियंका ने आरोप लगाया कि सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया गया था लेकिन पूरा नहीं किया।

## दिशा पर विज का ट्वीट पहले हटाया, फिर यू टर्न

**पर्यावरण कार्यकर्ता** दिशा रवि के मसले पर हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने ट्वीट किया। विज ने कहा कि देश विरोध का बीज जिसके भी दिमाग में है, उसका समूल नाश कर देना चाहिए। फिर चाहे वह दिशा-रवि हो या कोई और। इसके बाद विज के खिलाफ शिकायत हुई थी और ट्विटर से उनका अकाउंट बंद करने की मांग की गई थी। पहले ट्विटर ने इस ट्वीट को हटा दिया बाद में इसे रीस्टोर कर दिया। ट्विटर ने विज के अकाउंट को बंद करने से इनकार कर दिया है। ट्विटर की ओर से कहा गया है कि विज द्वारा किए गए ट्वीट में ऐसा कोई आपत्तिजनक कंटेंट नहीं है, जिसकी वजह से इसे बंद किया जाए। ट्विटर ने अपने रिप्लाई में कहा है कि जर्मन कानून के हिसाब से इसमें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला। देशविरोधी टिप्पणी करने वालों को आड़े

File Photo



अनिल विज

लेते हुए विज ने कहा कि मैं ये नहीं कहता कि सरकार की नीतियों का विरोध करना अपराध है। प्रजातंत्र है और किसी भी मुद्दे पर कोई भी विरोध कर सकता है। लेकिन विरोध करने के लिए विदेशी शक्तियों के साथ सांठगांठ करना देशद्रोह की श्रेणी में आता है। विज ने कहा कि अगर हम इस पर तुरंत रोक नहीं लगाएंगे और कार्यवाही नहीं करेंगे तो ये एक छुआछूत की बीमारी की तरह फैलती जाती है। ये देश के लिए हितकारी नहीं है इसलिए इनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करनी चाहिए।

## 'हस्तियों की पोस्ट के तार BJP आईटी सेल तक'

**किसान आंदोलन** के समर्थन में अंतरराष्ट्रीय हस्तियों द्वारा किए गए ट्वीट के बाद उनके जवाब में भारतीय सिलिब्रिटीज के ट्वीट्स की जांच के मामले में महाराष्ट्र के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख समेत 12 अन्य लोगों के नाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच अभी जारी है। उल्लेखनीय है कि सचिन तेंडुलकर, लता मंगेशकर, अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और सायना नेहवाल जैसी हस्तियों ने ट्वीट किए थे। इनमें विदेशियों के ट्वीट्स पर ध्यान न देने की बात कही गई थी। साथ ही, भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने का भी जिक्र किया गया था। कांग्रेस प्रवक्ता सचिन



महाराष्ट्र के मंत्री अनिल देशमुख

सावंत ने गृह मंत्री अनिल देशमुख से इन हस्तियों के ट्वीट्स की जांच की मांग की थी।

सावंत ने कहा था कि सचिन तेंडुलकर, लता मंगेशकर सहित इन सभी सितारों ने किसानों की मौत पर कुछ भी नहीं कहा। इतने दिनों तक यह सभी खामोश रहे लेकिन अचानक सब ट्वीट करने लगे हैं। इस ट्वीट को देख कर लग रहा है कि बीजेपी सरकार के दबाव में यह ट्वीट करवाए गए होंगे।

# एक-दूजे के हुए दीया और वैभव रेखी

बीते दिनों खबर आई थी कि अभिनेत्री दीया मिर्जा और वैभव रेखी शादी करने वाले हैं। शादी के लिए 15 फरवरी की तारीख चुनी गई थी। बता दें कि अब दीया और वैभव शादी के बंधन में बंध गए हैं। दीया मिर्जा ने अपनी शादी के दिन लाल जोड़े में नजर आईं, वहीं वैभव रेखी ने सफेद कुर्ता पायजामा पहना हुआ था। उनकी कई फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। दीया मिर्जा और वैभव रेखी ने शादी के बाद अपने घर से बाहर आकर फोटोग्राफर्स को प्यारा सा पोज दिया। इसके साथ ही दीया मिर्जा ने फोटोग्राफर्स को मिठाई बांटी। दीया और वैभव की यह शादी दीया मिर्जा के मुम्बई के बांद्रा स्थित पाली हिल इलाके की इमारत बेलएयर के परिसर में स्थित गार्डन में हुई। शादी के लिए दीया मिर्जा का घर खूबसूरत तरीके से सजाया गया था। चर्चा है कि इस शादी में फिल्म निर्देशक राजकुमार हिरानी, मलाइका अरोड़ा, अदिति राव हैदरी, लारा दत्ता, जैकी भगनानी और जायद खान शामिल हुए हैं। गौरतलब है कि हाल ही में दीया मिर्जा की शादी का खुलासा हुआ था। हालांकि तब भी दीया मिर्जा ने इस बारे में कोई बात नहीं की थी।





# आमिर के बेटे जुनैद ने शुरू की महाराजा की शूटिंग!

बॉलिवुड सुपरस्टार आमिर खान के बेटे जुनैद खान भी फिल्मों में डेब्यू करने जा रहे हैं और उनकी पहली फिल्म महाराजा की शूटिंग शुरू हो गई है। जुनैद पिछले काफी समय से थिअटर कर रहे हैं। यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है जिसमें जुनैद गुजरात के पत्रकार और समाज सुधारक करसनदास मलजी का किरदार निभा रहे हैं। शूटिंग से पहले जुनैद की बहन इरा खान ने भी उन्हें सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर करते हुए शुभकामनाएं दी हैं। अपने पोस्ट में इरा ने लिखा, 'जुन्नू, यह उसका पहला प्ले या पहला शो या हमारा साथ में पहला प्ले नहीं था बल्कि आज उसकी शूटिंग का पहला दिन है। और मुझे यह तस्वीर बहुत पसंद है। वह पिछले कुछ सालों से ऐक्टिंग में है लेकिन फिर भी अभी मेरे लिए नया है।' अपनी पोस्ट में इरा ने आगे लिखा, 'उसका प्रफेशनलिजम बेहतरीन है। मैं उसके लिए बेहद उत्साहित हूं और उसे सभी को पीछे छोड़ते हुए देखना चाहती हूं। वहीं इरा ने ये लिखा है कि जुनैद ने उन्हें फिल्म के बारे में कुछ भी बताने से मना किया है। इस बीच खबर है कि फिल्म के लिए मुंबई के विजय नगर में भी एक बहुत बड़ा सेट बनाया गया है। फिल्म महाराजा में जुनैद के अलावा अर्जुन रेड्डी जैसी सुपरहिट फिल्म में काम कर चुकीं ऐक्ट्रेस शालिनी पांडे, शरवरी वाघ और जयदीप अहलावत जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। इस फिल्म को सिद्धार्थ पी मल्होत्रा डायरेक्ट कर रहे हैं।



# फाइनल राउंड में इशारा मिल गया था कि ताज मुझे मिलेगा

## मानसा वाराणसी

एक समय ऐसा था, जब वे टीचर बनना चाहती थीं, मगर जिस पल उन्होंने मिस इंडिया बनने का सपना देखा तो उन्हें लगा कि उनके आस-पास की हर चीज उन्हें इशारा कर रही है कि आगे बढ़ो, भाग लो और वाकई जब वीएलसीसी फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2020 का खिताब उनके नाम हुआ तो उनकी खुशी सातवें आसमान पर थी। हम बात कर रहे हैं तेलांगना की मानसा वाराणसी की। मिस इंडिया का खिताब हासिल कर अब वे मिस वर्ल्ड पेजेंट की तैयारियों में मसरूफ हैं मगर एजुकेशन के फील्ड में महिलाओं के लिए कुछ कर दिखाना चाहती हैं:





**बचपने की सबसे प्रिय यादें क्या हैं?**

मैं खुद को भाग्यवान मानती हूं कि मुझे मेरे परिवार से प्यार और सपोर्ट मिला। मैं बहुत शर्मीली किस्म की लड़की थी और खुद की भावनाएं व्यक्त नहीं कर पाती थी। अब मैं जब पीछे मुड़कर देखती हूं तो बहुत खुशी महसूस होती है। बचपन में मैं टीचर बनना चाहती थी मगर जब लगा कि मिस इंडिया बनना है, तो इस मिशन में लग गई।

# बदला जाह्नवी की फिल्म का नाम

पिछले काफी समय से राजकुमार राव, जाह्नवी कपूर और वरुण शर्मा की आने वाली हॉरर कॉमिडी फिल्म रूही अफसाना की काफी चर्चा थी। हालांकि राजकुमार हॉरर कॉमिडी फिल्म स्त्री में काम कर चुके हैं, लेकिन अभिनेत्री जाह्नवी के लिए ये फिल्म खास रहने वाली है, क्योंकि इससे पहले उन्होंने किसी भी हॉरर फिल्म में काम नहीं किया है। अब खबर है कि इस फिल्म का नाम बदल दिया गया है। इसका नाम बदलकर रूही कर दिया गया है। इस फिल्म को वही कंपनी बना रही है जिसने साल 2018 में सुपरहिट फिल्म स्त्री बनाई थी। फिल्म की शूटिंग काफी पहले पूरी हो चुकी है।





# बिग बॉस 14 के बाद पत्नी रुबीना दिलैक के साथ समीकरण पर अभिनव शुक्ला: "कोई तलाक नहीं हुआ है"







अभिनव ने साझा किया कि उन्हें पता चला है कि तर्क को प्राथमिकता देने और सहानुभूति रखने की उनकी आदत ने बाद में उनके बीच मतभेद पैदा कर दिया और कहा कि वह इस बात को समझ गए हैं और इस पर काम करने की कोशिश कर रहे हैं। सारा दोष खुद पर लेते हुए उन्होंने कहा, "मुझे एक अच्छा श्रोता होने की आवश्यकता है।" इस बीच, रुबीना जो उसे सुनती रही, वह चुपचाप उसे देखकर मुस्कराया और कहा, "मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि हम 7-8 माहीन पेहले और जो अब हम हैं।"

अभिनव ने रुबीना से दूसरी शादी का प्रस्ताव रखा, जो खुशी से सहमत हो गया और कहा कि वह इस बार एक सफेद शादी करना चाहेगी। दोनों ने इस बारे में बात की कि कैसे वे सात साल की एकजुटता को पूरा करने जा रहे हैं और बाद में बिग बॉस 14 के घर के अंदर अपनी शादी की प्रतिज्ञा का आदान-प्रदान किया।






















## बच्चों के लिए दालें कितनी जरूरी?

- दालें वेजिटेबल प्रोटीन का बहुत अच्छा स्रोत हैं।
- कई जगह छोटे बच्चों को सिर्फ दाल का पानी दिया जाता है। यह गलत है, उसमें दाल की मात्रा भी जरूर होनी चाहिए। बच्चों को जन्म के 6 महीने के बाद ही दालें देनी चाहिए। इसकी मात्रा एक चौथाई कटोरी होनी चाहिए। बच्चों के लिए दाल पकाते समय उसमें लौकी, टमाटर आदि भी डाल देना चाहिए।
- बच्चों को दालें बदल-बदल कर या फिर मिक्स करके दें। इसमें मूंग, अरहर, चना आदि हों।
- बच्चों को उनकी पसंद का खाना दें, जबरन न खिलाएं। चाहे वह दाल हो या फिर कुछ और। इससे बच्चे को दस्त हो सकते हैं। खाने में दिलचस्पी भी कम हो सकती है।






## ~ Sudoku ~

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | | | 7 | | | | |
| 6 | | | 1 | 9 | 5 | | | |
| | 9 | 8 | | | | | 6 | |
| 8 | | | | 6 | | | | 3 |
| 4 | | | 8 | | 3 | | | 1 |
| 7 | | | | 2 | | | | 6 |
| | 6 | | | | | 2 | 8 | |
| | | | 4 | 1 | 9 | | | 5 |
| | | | | 8 | | | 7 | 9 |

A sudoku puzzle...

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 4 | 6 | 7 | 8 | 9 | 1 | 2 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 9 | 5 | 3 | 4 | 8 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 5 | 9 | 7 | 6 | 1 | 4 | 2 | 3 |
| 4 | 2 | 6 | 8 | 5 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 3 | 9 | 2 | 4 | 8 | 5 | 6 |
| 9 | 6 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 2 | 8 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 | 3 | 5 |
| 3 | 4 | 5 | 2 | 8 | 6 | 1 | 7 | 9 |

...and its solution numbers marked in red

अक्षर ने मारा 'पंजा', भारत ने इंग्लैंड को 164 रन पर समेट कर दर्ज की 317 रन से जीत

# रेकॉर्ड जीत के साथ भारत की वापसी




टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप्स के समय मैच को लेकर जो आकलन था, चौथे दिन उसमें कोई खास बदलाव नहीं हुआ। टीम इंडिया ने चेपक के टर्निंग ट्रैक पर करीब साढ़े तीन दिन में ही इंग्लैंड की चुनौती को ध्वस्त कर दिया। दूसरे टेस्ट के चौथे दिन सात विकेट चटकाने की औपचारिकता टीम इंडिया ने करीब 35 ओवर में ही पूरी कर डाली। पहली पारी में आर अश्विन ने अपनी फिरकी पर इंग्लिश बल्लेबाजों को नचाया था तो दूसरी में डेब्यू कर रहे अक्षर पटेल कहर बनकर टूटे। बाएं हाथ के इस फिरकीबाज ने 60 रन देकर पांच विकेट लिए। चौथी इनिंग्स में जीत के लिए 482 रनों का पीछा कर रही मेहमान टीम महज 164 रन पर ढेर हो गई। अक्षर नौवें भारतीय हैं जिन्होंने अपने डेब्यू टेस्ट में पांच विकेट लिए। इस जीत के साथ चार टेस्ट मैचों की सीरीज में भारत ने वापसी करते हुए 1-1 से बराबरी कर ली। भारत ने यह मुकाबला 317 से जीता जो कि इंग्लैंड के खिलाफ रनों के लिहाज से उसकी सबसे बड़ी और ओवरऑल पांचवीं सबसे बड़ी जीत है।






# वनडे, टी20 सीरीज से बाहर रहेंगे बुमरा!

■ **भाषा, नई दिल्ली:** भारत के सीनियर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमरा को कार्यभार प्रबंधन कार्यक्रम के तहत इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज से आराम दिया जा सकता है। ये आठ मैच मार्च में खेले जाएंगे। बुमरा को दूसरे टेस्ट में भी आराम दिया गया था। वह अगले दोनों टेस्ट खेलेंगे जिसमें जीतकर भारत पहले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह बनाने के प्रयास में है। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने कहा, 'जसप्रीत ने ऑस्ट्रेलियाई दौरे की शुरुआत से अब तक 180 ओवर डाले हैं और चार टेस्ट में करीब 150 ओवर फेंके हैं।' इस बीच, टीम इंडिया के ओपनर शुभमान गिल दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन फील्ड पर नहीं उतर सके। तीसरे दिन फील्डिंग करते समय उनके हाथ में चोट लगी थी। उनका स्कैन कराया गया है।



# विनिंग ट्रैक पर फिर से आगे बढ़ी कैप्टन विराट की गाड़ी

■ **नई दिल्ली:** इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में मिली जीत बतौर कप्तान विराट कोहली के नेतृत्वक्षमता को भी दर्शाती है। उनकी कप्तानी में भले ही भारत को लगातार चार मुकाबलों में मिली हार के बाद यह जीत मिली। लेकिन, इस जीत के बाद वह भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के बराबर पहुंच गए। धोनी की कप्तानी में भारत ने सबसे ज्यादा 21 टेस्ट मैच अपने होमग्राउंड पर जीते थे। विराट की भी यह घरेलू मैदान पर बतौर कप्तान 21वीं जीत है। हालांकि अगर ओवरऑल होमग्राउंड पर सबसे सफल कप्तानों की बात करें तो विराट यहां भी ज्यादा पीछे नहीं हैं। इस मामले में साउथ अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ ने सबसे ज्यादा 30, ऑस्ट्रेलिया के रिकी पॉन्टिंग ने 29 और ऑस्ट्रेलिया के ही स्टीव वॉ ने 22 जीत दर्ज की हैं।

**पलटवार में हैं माहिर:** मंगलवार को मिली जीत के बाद विराट क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में जीत दर्ज करने के भारतीय कप्तानों की सूची में मोहम्मद अजहरुद्दीन के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर आ गए। दोनों ने 53-53 मैचों में जीत हासिल की हैं। यहां भी सबसे आगे धोनी हैं जिन्होंने 74 मैचों में भारत को अपने होमग्राउंड पर जीत दिलाई है।

**58** मैचों में कप्तानी कर चुके हैं विराट कोहली। उनसे ज्यादा भारत के लिए टेस्ट में केवल महेंद्र सिंह धोनी ने 60 मैचों में कप्तानी की है

**34** मैचों में बतौर कप्तान विराट को जीत मिली है। इस मामले में वह चौथे स्थान पर हैं। पहले पर साउथ अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ (53) हैं


टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली

### बड़ी जीत है पसंद

रनों के लिहाज से अब तक छह बार ऐसा हुआ है जब भारत ने टेस्ट में विपक्षी टीमों को 300 से ज्यादा के अंतर से हराया है। इनमें पांच बार यह उपलब्धि विराट ने हासिल की है।

| जीत अंतर | टीम | जगह | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 337 | सा. अफ्रीका | दिल्ली | 2015-16 |
| 321 | न्यूजीलैंड | इंदौर | 2016-17 |
| 320 | ऑस्ट्रेलिया | मोहाली | 2008-09* |
| 318 | वेस्टइंडीज | नॉर्थ साउंड | 2019 |
| 317 | इंग्लैंड | चेन्नै | 2020-21 |
| 304 | श्रीलंका | गॉल | 2017 |

*यह जीत धोनी की कप्तानी में मिली थी

# आईपीएल में भी दर्शकों पर फैसला जल्दः गांगुली

**नई दिल्ली:** भारत और इंग्लैंड के बीच अहमदाबाद के सरदार पटेल स्टेडियम में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच के लिए सभी टिकटें बिक चुकी हैं। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने इसे लेकर खुशी जाहिर की है। गांगुली ने कहा कि यह अच्छा संकेत है, लेकिन भारत में क्रिकेट के अगले और सबसे बड़े पड़ाव-आईपीएल में दर्शकों की वापसी होगी या नहीं, इसे लेकर जल्द ही फैसला लिया जाएगा। सौरव ने कहा, 'अहमदाबाद में छह-सात साल बाद क्रिकेट की वापसी हो रही है और क्योंकि उन्होंने नया स्टेडियम बनाया है। मैंने उनसे कहा था कि हमें पिंक बॉल टेस्ट के साथ एक उदाहरण पेश करना है। हम चाहते थे कि दर्शकों की वापसी हो। हम चेन्नै में पहले टेस्ट में ही दर्शकों की वापसी चाहते थे, लेकिन कुछ कारणों से इसे बाद में मंजूरी दी गई। हम देखेंगे कि आईपीएल में दर्शकों की वापसी हो सकती है क्या? इस पर हम जल्द ही फैसला लेंगे। यह भी एक शानदार टूर्नामेंट होने वाला है।'

